रजिस्ट्री सं. डी.--(डी एन)--73

REGISTERED NO. D--(DN)--73



भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 49] नई दिल्ली, शनिवार दिसम्बर 3, 1983 (अग्रहायण 12, 1905)
No. 49] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 3, 1983 (AGRAHAYANA 12, 1905)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that if may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I--खण्ड-1--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोडकर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं .	775
भाग I--खण्ड-2--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोडकर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1653
भाग I--खण्ड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किये गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	29
भाग I--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियां आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1729
भाग II--खण्ड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II--खण्ड-1-क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . .	*
भाग II--खण्ड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . . .	*
भाग II--खंड -3-उप-खंड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोडकर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोडकर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपलब्धियां आदि भी शामिल है)	2615
भाग II--खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोडकर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोडकर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . . .	4475
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनो को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) . . .	*
भाग II--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . . .	575
भाग III--खण्ड-1--उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . .	21463
भाग III--खण्ड 2--पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस .	753
भाग III--खण्ड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	227
भाग III--खण्ड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें आदेश, विज्ञापन, और नोटिस शामिल हैं . .	3997
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायो द्वारा विज्ञापन और नोटिस	203
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़े को दिखाने वाला अनुपूरक	

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

	PAGES
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Governmen India (other than the Ministry of Defence) ..	775
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	1653
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resotutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	29
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1729
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	
PART II— ECTIION 2—Bills and Reports of . the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	2615
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	4475
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	575
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India.	21463
PART II—SIECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta	753
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners ..	227
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies ..	3997
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	203
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc, both in English and Hindi ..	*

*Folio Nos not received

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिवत् नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 18 नवम्बर 1983

सं० 84-प्रेस/83—राष्ट्रपति सहर्ष निर्देश देते हैं कि राष्ट्रपति सचिवालय की 17 जनवरी, 1973 की अधिसूचना सं०-5-प्रेस/73 के अन्तर्गत भारत के राजपत्र के भाग-I खण्ड 1, में 27 जनवरी, 1973, को प्रकाशित आहत मेडल से सम्बन्धित अध्यादेश में निम्नलिखित जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

2. उक्त अधिसूचना के खण्ड चतुर्थ के बाद निम्नलिखित प्रकार से नया खण्ड पंचम जोड़ा जाएगा :—

"यदि आहत मेडल प्राप्तकर्ता किसी भी तरह की संक्रिया या राष्ट्र विरोधियों को दबाने की कार्रवाई में दुश्मन की सीधी कार्रवाई के कारण 15 अगस्त, 1947, को या उसके बाद दुबारा आहत हो गया है जिससे कि वह आहत मेडल प्राप्त करने का पात्र बन गया/बन जाता है तो उसे आहत मेडल के बार द्वारा मान्यता दी जाएगी जिसे आहत मेडल के उस रिबन के साथ जोड़ा जाएगा जिससे आहत मेडल पहना जाता है और इस तरह हर अतिरिक्त आहत मेडल के लिए अतिरिक्त बार पहना जाएगा।"

3. वर्तमान खण्ड पंचम्, षष्ठम और सप्तम का क्रमांक तदनुसार क्रमशः खण्ड षष्ठम्, सप्तम और अष्ठम् के रूप में बदल दिया जाएगा।

सु० नीलकण्ठन
राष्ट्रपति का उप-सचिव

गृह मंत्रालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 3 दिसम्बर 1983

सं० 10/2/83 के० से०-II—केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा—ग्रेड "घ" में अस्थायी रिक्तियों को भरने के प्रयोजन के लिये सन् 1984 में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम सर्व-साधारण की सूचना के लिये प्रकाशित किए जाते हैं।

2. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इस परीक्षा का संचालन इन नियमों के परिशिष्ट में विहित विधि से किया जाएगा।

किस तारीख को और किन-किन स्थानों पर परीक्षा ली जाएगी, इसका निर्धारण आयोग करेगा।

3. परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किये गये नोटिस में निर्दिष्ट की जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों और शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिये रिक्त स्थानों के संबंध में आरक्षण सरकार द्वारा निर्धारित ढंग से किये जाएंगे।

1. भूतपूर्व सैनिक से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसने संघ की सशस्त्र सेनाओं में, जिनके अन्तर्गत भूतपूर्व भारतीय रियासतों की सशस्त्र सेनाएं भी शामिल हैं, किन्तु जिनके अन्तर्गत आसाम, राइफल्स सेना सुरक्षा कोर, जनरल रिजर्व इंजीनियरी बल, लोक सहायक सेना और प्रादेशिक सेना नहीं आते, शपथ ग्रहण के पश्चात् कम से कम छः मास की निरन्तर अवधि तक किसी रैंक में (चाहे योद्धा के रूप में या गैर-योद्धा के रूप में) सेवा की है, और

(क) जिसे उसके अपने अनुरोध पर या कदाचार अथवा अदक्षता के कारण पदच्युति या बर्खास्तगी के कारण के अलावा अन्य किसी रूप में निर्मुक्त कर दिया गया है, अथवा ऐसी निर्मुक्ति तक के लिए रिजर्व को स्थानान्तरित कर दिया गया है, या

(ख) जिसे यथापूर्वोक्त निर्मुक्ति या रिजर्व को स्थानान्तरित किये जाने के लिये हकदार बनने के लिये अपेक्षित सेवा की अवधि पूरी करने के लिये अधिक से अधिक छः मास सेवा करनी है; या

(ग) जिसे संघ की सशस्त्र सेनाओं में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात् उसके अपने ही अनुरोध पर निर्मुक्त कर दिया गया है।

2. शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति से शारीरिक रूप से ऐसा विकलांग व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे शारीरिक दोष हो अथवा अंगविकृति हो जिससे हड्डियों, पेशियों तथा जोड़ों के सामान्य कार्य में बाधा उत्पन्न होती हो।

परीक्षा में बैठने वाले शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों तथा अन्य वर्गों के व्यक्तियों को सहायक लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

3. अनुसूचित जाति/आदिम जाति का अभिप्राय उस किसी भी जाति से है जो निम्नलिखित में उल्लिखित है :—

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) आदेश, 1950; (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (संघ राज्यक्षेत्र) आदेश, 1951, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970, तथा उत्तर पूर्वीय क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971, द्वारा यथासंशोधित, संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूचित जाति, आदेश, 1956, संविधान (अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह) अनुसूचित आदिम जाति, आदेश, 1959, संविधान (दादर तथा नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान (दादर तथा नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962, संविधान (पाण्डिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोवा दमन तथा दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968, संविधान (गोवा दमन तथा दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968, संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति (संशोधन) अधिनियम, 1976, संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978 तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1978।

4. (1) यह आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) नेपाल का रहने वाला हो, या

(ग) भूटान का निवासी हो, या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत में आया हो, या

(ङ) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और केन्या, उगांडा और तंजानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व तंगानिका व जंजीबार) के पूर्व अफ्रीकी देशों, जाम्बिया, मलावी, जायरे, इथोपिया और वियतनाम से आया हो।

आगे यह कि उपर्युक्त प्रवर्ग (ख), (ग), (घ) तथा (ङ) का कोई उम्मीदवार वही व्यक्ति होगा जिसके लिये भारत सरकार द्वारा पात्रता प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया हो।

(2) किसी उम्मीदवार को, जिसके मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो, परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है, लेकिन नियुक्ति प्रस्ताव केवल तब दिया जाएगा जबकि जिस पद पर उम्मीदवार के नियुक्त किए जाने की संभावना है, उस पद के प्रशासनिक रूप से संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा उम्मीदवार को आवश्यक पात्रता प्रमाण पत्र दे दिया गया हो।

5. (क) इस परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार की आयु 1-1-1984 को 18 वर्ष से कम और 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1959 से पहले और 1 जनवरी, 1966 के बाद नहीं हुआ हो।

(ख) उन व्यक्तियों के संबंध में ऊपरी आयु सीमा में 35 वर्ष तक छूट दी जाएगी जो केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा में भाग लेने वाले भारत सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों में आशुलिपिकों (जिनमें भाषा आशुलिपिक भी शामिल हैं) लिपिकों/आशु टंकको/हिन्दी लिपिको/हिन्दी टंककों के पदों पर नियमित रूप से नियुक्त हैं और जिन्होंने 1 जनवरी, 1984 को आशुलिपिकों (जिनमें भाषा आशुलिपिक भी शामिल हैं) लिपिकों/आशु-टंकको/हिन्दी लिपिकों/हिन्दी टंककों के रूप में कम से कम 2 वर्ष की लगातार सेवा कर ली है तथा उक्त पदों पर अभी तक काम कर रहे हैं।

(ग) उन भूतपूर्व सैनिकों के मामलों में, जिन्होंने संघ की सशस्त्र सेना में कम से कम छः महीने की निरन्तर सेवा की हो, सशस्त्र सेना में उनकी कुल सेवा में तीन वर्ष की वृद्धि करने की सीमा तक ऊपरी आयु में छूट दी जाएगी।

आयु में इस छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवार सभी रिक्तियों के लिए प्रतियोगी होंगे भले ही वे भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित हों या अनारक्षित।

टिप्पणी :—उपरोक्त नियम 5 (ग) के प्रयोजन के लिए किसी भूतपूर्व कर्मचारी की सशस्त्र सेना में आवाह्न पर सेवा ("काल आफ सर्विस") की अवधि भी सशस्त्र सेना में की गई सेवा के रूप में समझी जाएगी।

(घ) उपरिलिखित ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित और छूट होगी :—

(i) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक;

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जनजाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का सद्भाविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक;

(iv) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर 1984 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो, या प्रव्रजन करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक;

(v) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का हो और श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर 1964 को या उसके बाद उसने भारत मे प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक;

(vi) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया, उगांडा, या तंजानिया संयुक्त गणराज्य से प्रव्रजन किया हो या जांबिया, मालावी, जेरे और इथोपिया से प्रत्यावर्तित हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक;

(vii) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक;

(viii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से सम्बन्धित हो तथा बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद, भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक;

(ix) किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियों को करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 3 वर्ष तक;

(x) किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों से संबंधित रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 8 वर्ष तक;

(xi) 1971 में हुए भारत–पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किए गए सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के मामलों में अधिकतम 3 वर्ष तक;

(xii) 1971 में हुए भारत–पाक, संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों मे विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किए गए सीमा सुरक्षा बल के ऐसे कार्मिकों के मामलों में अधिकतम 8 वर्ष तक, जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित आदिम जातियों के हों;

(xiii) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय परिपत्र हो) और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपातकाल का प्रमाण-पत्र हो और जो वियतनाम से जुलाई, 1975 से पहले भारत नहीं आया हो तो उसके लिए अधिक से अधिक 3 वर्ष;

(xiv) यदि उम्मीदवार शारीरिक रूप से विकलांग हो अर्थात् जिसका कोई अंग विकृत है तो, अधिक से अधिक 10 वर्ष; और

(xv) ऐसी विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक तौर पर अपने पतियों से अलग हुई महिलाओं के मामले में जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, 35 वर्ष की आयु (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए 40 वर्ष तक) तक।

(ङ) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा में भाग लेने वाले मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में इस समय कार्य कर रहे उन तदर्थ ग्रेड "घ" आशुलिपिकों के मामले में भी ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जा सकती है जिन्हें रोजगार कार्यालयों के माध्यम से नियुक्त किया गया है, परन्तु शर्त यह है कि तदर्थ आधार पर ग्रेड "घ" में अपनी नियुक्ति के समय वे आयु सीमाओं के भीतर थे ।

ऊपर की गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती है ।

ध्यान दें :– (i) जिस उम्मीदवार को उपर्युक्त नियम 5 (ङ) में उल्लिखित आयु छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश दे दिया गया हो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है यदि आवेदन पत्र भेजने के बाद वह परीक्षा से पहले या परीक्षा देने के बाद सेवा से त्यागपत्र दे देता है या विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाती है किन्तु आवेदन पत्र भेजने के बाद यदि उसकी सेवा या पद से छटनी हो जाती है तो वह पात्र बना रहेगा ।

ध्यान दें :– (ii) ऐसा आशुलिपिक (भाषा आशुलिपिक। आशु टंकक/हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक सहित) जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्गबाह्य पदों पर प्रतिनियुक्ति पर है अथवा जिससे किसी अन्य पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है परन्तु उसका धारणाधिकार उस पद पर है जिससे वह स्थानान्तरित किया गया था, यदि वह अन्यथा पात्र है परीक्षा में बैठने का पात्र होगा ।

6. उम्मीदवारों ने केन्द्र या राज्य विधान मण्डल के किसी अधिनियम द्वारा निगमित किसी विश्वविद्यालय की मैट्रिक परीक्षा अवश्य पास की हो, अथवा उसके पास किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक स्कूल परीक्षा के बाद हाई स्कूल परीक्षा का या कोई और ऐसा प्रमाण–पत्र हो जिसे राज्य सरकार/भारत सरकार द्वारा नौकरी में प्रवेश के लिए मैट्रिक के प्रमाण पत्र के समकक्ष माना गया हो ।

नोट –1 कोई भी उम्मीदवार जिसने ऐसी कोई परीक्षा दे दी है जिसके पास करने पर वह आयोग की परीक्षा के लिए शैक्षिक रूप से पात्र होगा परन्तु उसे परीक्षाफल की सूचना नहीं मिली है तथा ऐसा उम्मीदवार जो ऐसी अर्हक परीक्षा में बैठने का इच्छुक है आयोग की परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र नहीं होगा ।

नोट –2 आपवादिक परिस्थितियों में केन्द्रीय सरकार किसी ऐसे उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र मान सकती है, जिसके पास उपर्युक्त नियम में निर्धारित शैक्षिक अर्हताओं में से कोई अर्हता नहीं हों, बशर्ते कि उम्मीदवार ने किसी संस्था द्वारा ली गई कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसका स्तर केन्द्रीय सरकार के मतानुसार ऐसा हो कि उसके आधार पर उम्मीदवार को उक्त परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है ।

7. जिसने

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है जिसका जीवित पति/पत्नी पहले से है, या

(ख) जीवित पति/पत्नी के रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है ।

वह सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा ।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाए की ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति तथा विवाह सूत्र के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अनुसार स्वीकार्य है और ऐसा करने के अन्य कारण भी है, तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है ।

8. जो उम्मीदवार स्थायी अथवा अस्थायी रूप से सरकारी नौकरी में पहले से हो, वह परीक्षा में बैठने के लिए सीधे आवेदन कर सकता है परन्तु उसे आशुलिपिक परीक्षा में बैठने की अनुमति से पहले अपने कार्यालय से आयोग को एक अनापत्ति प्रमाण–पत्र भेजना होगा ।

9. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा/पद के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक निभाने में बाधक हो । यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी । केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जाएगी जिन पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने की सम्भावना हो ।

टिप्पणी :– अशक्त भूतपूर्व रक्षा कार्मिकों के मामले में रक्षा सेवा के सैन्य विघटन डाक्टरी बोर्ड (डीमोबीलाइजेशन मेडिकल बोर्ड) द्वारा किया गया स्वस्थता प्रमाण पत्र नियुक्ति के प्रयोजन के लिए पर्याप्त समझा जाएगा ।

10. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा ।

11. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जायेगा । जब तक उसके पास आयोग का प्रवेश पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) न हो ।

12. सशस्त्र सेना से निवृत भूतपूर्व सैनिक तथा जिन्हें आयोग के नोटिस के अंतर्गत शुल्क की छूट दी गई है को छोड़कर सभी उम्मीदवारों का आयोग के नोटिस में निर्धारित शुल्क देना होगा ।

13. यदि उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी प्रकार का समर्थन प्राप्त करने का यत्न किया तो उसे परीक्षा में प्रवेश के लिए अयोग्य माना जा सकता है ।

14. यदि किसी उम्मीदवार का आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिए दोषी घोषित कर दिया जाता है कर या दिया गया हो कि उसने :–

(I) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा,

(II) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(III) किसी अन्य व्यक्ति से नाम बदल कर परीक्षा दिलाई है, अथवा

(IV) जाली प्रमाण पत्र या ऐसे प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(V) गलत या झूठे वक्तव्य दिये हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(VI) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(VII) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, या

(VIII) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हो, या

(IX) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, या

(X) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो ,

(XI) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया हो, तो उस पर अपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे —

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से, जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे स्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिये,

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से वंचित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह पहले से सरकारी नौकरी में हो तो उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है ।

15. परीक्षा के बाद आयोग हर एक उम्मीदवार को अन्तिम रूप से दिये गये कुल प्राप्तांकों के आधार पर उनके योग्यता क्रम के अनुसार अनके नामों की सूची बनायेगा और उस क्रम के अनुसार आयोग उस परीक्षा में जितने उम्मीदवारों को अर्हता प्राप्त समझेगा, उनकी केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड 'घ' में इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जानेवाली अनारक्षित रिक्तियों में नियुक्ति के लिए अपेक्षित संख्या तक सिफारिश की जाएगी ।

परन्तु यदि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों द्वारा सामान्य मानकों के आधार पर नहीं भरी जा सकती हों, तो आरक्षित कोटा में कमी को पूरा करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट देकर, चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान हो, सेवा में चयन करने के लिए उनकी सिफारिश की जाएगी बशर्ते कि ये उम्मीदवार इन सेवाओं में चयन के लिए उपयुक्त हो। आयोग द्वारा जिन भूतपूर्व सैनिकों को परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त समझा जायेगा वे अपने लिए आरक्षित रिक्तियों में नियुक्त होने के पात्र होंगे चाहे इस परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान हो।

परन्तु यह भी कि यदि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जन जातियों से सम्बन्धित भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षित रिक्तियों की संख्या अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों द्वारा सामान्य मानकों के आधार पर नहीं भरी जा सकती हों तो आरक्षित कोटे में कमी को पूरा करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट दे कर, चाहे परीक्षा के योग्यताक्रम में उनका कोई भी स्थान हो, सेवा में चयन करने के लिए उनकी सिफारिश की जायेगी बशर्ते कि ये उम्मीदवार इन सेवाओं में चयन के लिये उपयुक्त हों ।

16. हर एक उम्मीदवार को परीक्षा फल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग अपने विवेकानुसार करेगा और आयोग परीक्षा फल के सम्बन्ध में उनसे कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

17. उम्मीदवार के चरित्र तथा पूर्ववृत्तों की आवश्यक जांच के बाद जब तक सरकार इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है, तब तक परीक्षा में पास हो जाने मात्र से नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता ।

18. इस परीक्षा के द्वारा जिस सेवा के लिए भर्ती की जा रही है उसके संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट-II में दिए गए हैं।

एच० जी० मण्डल, अवर सचिव

परिशिष्ट-I

भाग क. लिखित परीक्षा

परीक्षा के विषय, प्रत्येक विषय के लिए दिया गया समय तथा पूर्णांक और पाठ्य विवरण तथा स्तर निम्न प्रकार होंगे :—

विषय	दिया गया समय	पूर्णांक
(I) सामान्य अंग्रेजी	1½ घंटा	100
(II) निबन्ध	1 घंटा	50
(III) सामान्य ज्ञान	1½ घंटा	100

टिप्पणी :—सामान्य ज्ञान तथा सामान्य अंग्रेजी के प्रश्न पत्रों में वस्तुनिष्ट बहु विकल्पी प्रकार के प्रश्न होंगे ।

स्तर तथा पाठ्य विवरण :

टिप्पणी :—प्रश्न पत्रों का स्तर लगभग वही होगा जो किसी भारतीय विश्वविद्यालय की मैट्रिकुलेशन परीक्षा का होता है ।

सामान्य अंग्रेजी : यह प्रश्न पत्र इस ढंग से तैयार किया जाएगा जिससे कि उम्मीदवार के अंग्रेजी व्याकरण और रचना के ज्ञान की तथा अंग्रेजी भाषा को समझने और शुद्ध अंग्रेजी लिखने की उनकी योग्यता की जांच हो जाए । भाषा की क्रम-बद्धता, सामान्य अभिव्यक्ति, तथा कुशल प्रयोग को मूल्यांकन के समय ध्यान में रखा जाएगा। इस प्रश्न पत्र में शब्दों के शुद्ध प्रयोग, सरल मुहावरों, और अव्ययों (प्रीपोजीशन), डायरेक्ट और इन डायरेक्ट स्पीच आदि पर प्रश्न रखे जा सकते हैं।

निबन्ध :—कई विशिष्ट विषयों में से एक पर निबन्ध लिखना होगा ।

सामान्य ज्ञान :—निम्नलिखित विषयों की थोड़ी बहुत जानकारी :—

भारत का संविधान, पंचवर्षीय योजनाएं, भारतीय इतिहास और संस्कृति, भारत का सामान्य और आर्थिक भूगोल, वर्तमान

घटनाक्रम, सामान्य विज्ञान और दिन-प्रतिदिन नजर आने वाली ऐसी बातें जिनकी जानकारी पढ़े लिखे व्यक्ति को होनी चाहिए। उम्मीदवारों के उत्तरों से यह प्रकट होना चाहिए कि उन्होंने प्रश्नो को अच्छी तरह से समझा है। उनके उत्तरों में किसी पाठ्य पुस्तक के ब्यौरेवार ज्ञान की अपेक्षा नहीं की जाती है ।

1. उम्मीदवारो को "निबन्ध" के प्रश्न पत्र का उत्तर अंग्रेजी अथवा हिन्दी में देने का विकल्प होगा। जो उम्मीदवार 'निबन्ध के प्रश्न पत्र का उत्तर हिन्दी में देने का विकल्प देंगे उन्हें आशुलिपि की परीक्षा भी हिन्दी में ही देनी होगी तथा जो उम्मीदवार 'निबन्ध' प्रश्न पत्र का उत्तर अंग्रेजी में देने का विकल्प देंगे उन्हें आशुलिपि परीक्षा भी अंग्रेजी में ही देनी होगी।

टिप्पणी :—जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में निबन्ध के प्रश्न पत्र का उत्तर तथा आशुलिपि परीक्षा हिन्दी (देवनागरी) में देने के इच्छुक हों, वे यह विकल्प आवेदन पत्र के उपयुक्त कालम में लिखें । अन्यथा, यह माना जायेगा कि उम्मीदवार लिखित परीक्षा तथा आशुलिपिक परीक्षा अंग्रेजी में देंगे ।

एक बार दिया गया विकल्प अन्तिम समझा जाएगा और उक्त कालम में कोई परिवर्तन करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

2. उम्मीदवार को सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नही दी जाएगी।

3. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक अंक निर्धारित कर सकता है।

4. केवल उन्हीं उम्मीदवारों को आशुलिपि परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा जो आयोग के विवेक के अनुसार न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेंगे ।

5 केवल सतही ज्ञान के लिये अंक नहीं दिये जायेंगे।

6. अस्पष्ट लिखावट के कारण, लिखित विषयों में पूर्णांकों में से 5 प्रतिशत अंक काट लिये जाएंगे ।

7. परीक्षा के सभी विषयों में कम से कम शब्दों में, क्रमबद्ध प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई भावाभिव्यक्ति को विशेष महत्व दिया जाएगा ।

भाग—ख

हिन्दी या अंग्रेजी आशुलिपि परीक्षा 300 अंक

(लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वालों के लिए)

आशुलिपि परीक्षा के बारे में ब्यौरे इस प्रकार होंगे :—

आशुलिपि परीक्षा की योजना

उम्मीदवारों को अंग्रेजी अथवा हिन्दी में 80 शब्द प्रति मिनट की गति से 10 मिनट के लिए एक श्रुत लेख की परीक्षा देनी होगी। जो उम्मीदवार अंग्रेजी में परीक्षा देने का विकल्प देंगें उन्हें 65 मिनट में सामग्री का लिप्यन्तर करना होगा और जो उम्मीदवार हिन्दी में परीक्षा देने का विकल्प देंगे उन्हें 75 मिनट में सामग्री का लिप्यन्तर करना होगा ।

1. उम्मीदवारों को अपने आशुलिपि नोट टंकण मशीन पर लिप्यन्तर करने होंगे, और इस प्रयोजन के लिए उन्हें अपनी टंकण मशीन लानी होगी।

2. जो उम्मीदवार हिन्दी में आशुलिपि परीक्षा देने का विकल्प देंगे उन्हें अपनी नियुक्ति के बाद अंग्रेजी आशुलिपि सीखनी आवश्यक होगी और जो उम्मीदवार अंग्रेजी में आशुलिपि परीक्षा देने का विकल्प देंगे उन्हें हिन्दी आशुलिपि सीखनी आवश्यक होगी ।

परिशिष्ट—II

केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा से सम्बन्धित संक्षिप्त विवरण

केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा में इस समय निम्नलिखित चार ग्रेड हैं :—

(1) ग्रेड-क : रुपए 650-30-740-35-810-द. रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 ।

(2) ग्रेड-ख : रुपए 650-30-740-35-880-द० रो०-40-1040

(3) ग्रेड-ग : रुपए 425-15-500-द० रो०-15-560-20-700-द० रो०-25-800

(4) ग्रेड-घ : रुपए 330-10-380-द० रो०-12-500-द० रो०-15-560

2. उक्त सेवा के ग्रेड-घ में नियुक्त व्यक्ति दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन रहेंगे। इस अवधि के दौरान उन्हें ऐसे प्रशिक्षण लेने आवश्यक हैं तथा ऐसी परीक्षाएं पास करनी आवश्यक है जो सरकार द्वारा निर्धारित की जाएं।

3. परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर सरकार सम्बन्धित व्यक्ति को उसके पद पर स्थायी कर सकती है या यदि उसक कार्य अथवा आचरण सरकार की राय में असंतोषजनक रहा हो तो उसे सेवा से निकाला जा सकता है या सरकार उसकी परिवीक्षा अवधि जितनी और बढ़ाना उचित समझे बढ़ा सकती है।

4. सेवा के ग्रेड-घ में भर्ती किये गए व्यक्तियों को केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा योजना में भाग लेने वाले मंत्रालयों या कार्यालयों में से किसी एक में नियुक्त कर दिया जाएगा। किन्तु उसकी किसी भी समय किसी भी एसे अन्य मंत्रालय या कार्यालय में बदली हो सकती है।

5. सेवा के ग्रेड-घ में भर्ती किये गए व्यक्ति इस सम्बन्ध में समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार अगले उच्चतर ग्रेड मे पदोन्नत किए जाने के पात्र होंगे ।

सं० 4/33/83-सी० एस० (I)—निम्नलिखित सेवाओं के ग्रेड-I को चयन सूचियों में सम्मिलित करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1984 में ली जाने वाली अनुसूचित जाति/

अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए सम्मिलित ग्रेड-I (अवर सचिव) सीमित विभागीय परीक्षा के नियम संबंधित मंत्रालयों की सहमति से सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ।

वर्ग-I

केन्द्रीय सचिवालय सेवा का ग्रेड-I

वर्ग-II

भारतीय विदेश सेवा, शाखा "ख" के सामान्य संवर्ग का ग्रेड-I

वर्ग-III

रेल बोर्ड सचिवालय सेवा का ग्रेड-I

1. प्रत्येक ग्रेड की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए चयन किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किये गए नोटिस में निर्दिष्ट की जायेगी ।

2. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यह परीक्षा परिशिष्ट में निर्धारित नियमों के अनुसार ली जायेगी ।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निश्चित किए जायेंगे ।

3. (क) स्थायी अधिकारी या अन्य ऐसे अधिकारी जिसका नाम नीचे कालम I में उल्लिखित ग्रेडों और सेवाओं की चयन सूची में सम्मिलित कर लिया गया है, जो अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जाति का है, तथा जिसने 31 दिसम्बर, 1983 को कालम 2 में उल्लिखित सेवा से सम्बन्धित शर्तें पूरी कर ली हैं, कालम 3 में उल्लिखित सेवा के वर्ग हेतु परीक्षा में बैठने का पात्र होगा।

कालम 1	कालम 2	कालम 3
केन्द्रीय सचिवालय सेवा का अनुभाग अधिकारी ग्रेड और/या केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा का ग्रेड "क"	केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग I के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में अथवा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड "क" में अथवा दोनों में, जैसी भी स्थिति हो, अनुमोदित तथा लगातार सेवा 4 वर्ष से कम न हो ।	
सामान्य संवर्ग का समेकित ग्रेड II और III और/या भारतीय विदेश सेवा "ख" के आशुलिपिक उप संवर्ग का चयन ग्रेड ।	सामान्य संवर्ग के समेकित ग्रेड II और III या भारतीय विदेश सेवा "ख" के आशुलिपिक उपसंवर्ग के चयन ग्रेड अथवा दोनों में, जैसी भी स्थिति हो, अनुमोदित तथा लगातार सेवा 4 वर्ष से कम न हो ।	वर्ग II
रेल बोर्ड सचिवालय सेवा का अनुभाग अधिकारी ग्रेड और/या रेल बोर्ड आशुलिपिक सेवा का ग्रेड "क"	रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में अथवा रेल बोर्ड आशुलिपिक सेवा के ग्रेड "क" अथवा दोनों, में, जैसी भी स्थिति हो, अनुमोदित तथा लगातार सेवा 4 वर्ष से कम न हो ।	वर्ग III

टिप्पणी : (1) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड "क" तथा भारतीय विदेश सेवा, शाखा (ख) के आशुलिपिक उपसंवर्ग के चयन ग्रेड के अधिकारियों के मामले में अनुमोदित सेवा में उक्त सेवा के ग्रेड "ख"/ग्रेड I में की गयी अनुमोदित सेवा की आधी अवधि शामिल होगी ।

(2) सैनिक ड्यूटी में रहने पर अनुपस्थिति की किसी भी अवधि को उपर्युक्त पदों में से किसी भी पद के लिए निर्धारित सेवा काल में गिनने की अनुमति दी जाएगी ।

(3) (i) केन्द्रीय सचिवालय सेवा/रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी तथा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के ग्रेड "क" तथा

(ii) सामान्य संवर्ग के समेकित ग्रेड II और III तथा भारतीय विदेश सेवा शाखा (ख) के आशुलिपिक उप संवर्ग के चयन ग्रेड के अधिकारियों को, जो सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से संवर्ग बाह्य पद पर हैं, यदि अन्यथा पात्र हों, तो परीक्षा में प्रवेश की अनुमति होगी ।

किन्तु यह किसी ऐसे अधिकारी पर लागू नहीं होगा जो किसी संवर्ग बाह्य पद पर नियुक्त हुआ हो अथवा स्थानान्तरण पर किसी अन्य सेवा में नियुक्ति किया गया हो और उसमें (i) और (ii) में उल्लिखित अपने-अपने ग्रेड में पुनर्ग्रहणाधिकार न हो ।

4. परीक्षा में प्रवेश के लिए अथवा अन्यथा किसी बात के लिए उम्मीदवार की पात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा ।

5 किसी भी उम्मीदवार को तब तक परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि उसके पास आयोग से प्राप्त प्रवेश प्रमाण-पत्र न हो ।

6. आयोग द्वारा निम्नलिखित कारणों से घोषित, दोषी उम्मीदवार को जिसने:—

(1) किसी भी तरीके से अपनी अभ्यर्थिता के लिए समर्थन प्राप्त करने, अथवा

(2) प्रतिरूपण करने, अथवा

(3) किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करवाने, अथवा

(4) जाली अथवा ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करना जिनमें हेर-फेर किया हो, अथवा

(5) गलत अथवा असत्य विवरण देने अथवा तथ्य को छिपाने, अथवा

(6) परीक्षा के लिए अपनी अभ्यर्थिता के सम्बन्ध में किसी अन्य अनियमित अथवा अनुपयुक्त तरीकों से काम लेने, अथवा

(7) परीक्षा के दौरान अनुचित तरीके अपनाने, अथवा

(8) उत्तर पुस्तिकों (पुस्तिकाओं) में अप्रासंगिक विषय लिखने, जिसमें अश्लील भाषा अथवा अश्लील सामग्री शामिल है, अथवा

(9) परीक्षा भवन में किसी प्रकार का दुर्व्यवहार करने, अथवा

(10) परीक्षाओं को आयोजित करने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान करने अथवा उन्हें शारीरिक नुकसान पहुंचाने, अथवा

(11) उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति देते हुए प्रेषित प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ जारी किसी अनुदेश का उल्लंघन किया हो, या

(12) पूर्वोक्त खण्डों में बताया गया कोई काम करने का प्रयत्न अगर कोई करता हो या इन कामों को करने के लिए किसी को उकसाता हो तो उसके खिलाफ आपराधिक अभियोग तो चलाया ही जा सकता है, इसके अतिरिक्त उसे

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है जिसके लिए वह उम्मीदवार है, अथवा

(ख) (i) आयोग द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा अथवा चयन से,

(ii) केन्द्र सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नियोजन से, स्थायी रूप से अथवा किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए बहिष्कृत किया जा सकता है, और

(ग) समुचित नियमों के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है । किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक,

(i) उम्मीदवार को इस सम्बन्ध में लिखित अभ्यावेदन, जो वह देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, और

(ii) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न लिया गया हो ।

7. आयोग जिन उम्मीदवारों को परीक्षा के परिणाम के आधार पर चयन के लिये उपयुक्त समझेगा उनके नामों की, जिसमें दोनों अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवार सम्मिलित होंगे, योग्यता क्रम में एक ही सूची बनाएगा और इस क्रम से जितने भी उम्मीदवार आयोग द्वारा योग्य पाए जाएंगे उनकी चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए अपेक्षित संख्या तक अनुशंसा की जाएगी ।

टिप्पणी—उम्मीदवारों को यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि यह प्रतियोगिता परीक्षा है न कि अर्हक परीक्षा । परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रत्येक चयन सूची में शामिल किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या नियत करने के लिए सरकार पूरी तरह से सक्षम है । कोई भी उम्मीदवार इस परीक्षा में अपने निष्पादन के आधार पर चयन सूची में शामिल किये जाने के लिए अधिकार के रूप में दावा नहीं कर सकेगा ।

8. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षा फल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा । आयोग परीक्षा फल के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा ।

9. परीक्षा में सफल हो जाने मात्र से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता, जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार सेवा में कार्य संचालन की दृष्टि से चयन के लिए हर प्रकार से योग्य है ।

परन्तु आयोग द्वारा चयन के लिए अनुशंसित किए गए किसी उम्मीदवार को चयन के लिए अयोग्य मानने के बारे में निर्णय आयोग के साथ परामर्श करके किया जाएगा ।

10. यदि कोई उम्मीदवार जो परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र भेजने के बाद अथवा परीक्षा में बैठने के बाद अपनी नियुक्ति से त्यागपत्र दे देता है अथवा और किसी कारणवश सेवा छोड़ देता है अथवा उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लेता है अथवा उसकी सेवा उसके विभाग द्वारा समाप्त कर दी जाती है अथवा उसे किसी संवर्ग बाह्य पद पर अथवा अन्य सेवा में स्थानान्तरण पद नियुक्त कर दिया जाता है और उसका उपयुक्त नियम 3 (क) के कालम I में उल्लिखित ग्रेडों और सेवाओं में अपना पुनर्ग्रहणाधिकार नहीं है तो वह इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त होने का पात्र नहीं होगा ।

परन्तु यह बात उस व्यक्ति के मामले में लागू नहीं होती जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त हो ।

डी० के० जौहरी, अवर सचिव

परिशिष्ट

परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार आयोजित की जाएगी —

भाग I—निम्नलिखित विषयों पर दो प्रश्न पत्रों की लिखित परीक्षा होगी जिनमें से हर एक के 200 अंक रखे गए हैं ।

प्रश्न पत्र I—(i) भारत सरकार सचिवालय और सलग्न कार्यालयों की प्रक्रिया और पद्धति
(वर्ग I और II के लिए)

(ii) कार्यालय प्रक्रिया और पद्धति
(वर्ग III के लिए)

प्रश्न-पत्र II—भारतीय संविधान तथा शासन तंत्र का सामान्य ज्ञान संसदीय पद्धति और प्रक्रिया ।

प्रत्येक प्रश्न पत्र 2½ घंटे का होगा ।

भाग II—आयोग की विवेक्षा पर ऐसे उम्मीदवारों के गोपनीय अभिलेखों का मूल्यांकन तथा साक्षात्कार —200 अंक

2 परीक्षा की पाठ्यचर्या अनुसूची के अनुसार होगी ।

3 उम्मीदवारों को प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी तथा हिन्दी (देवनागरी) में देने का विकल्प होगा । प्रश्न-पत्र अंग्रेजी और हिंदी में तैयार किए जाएंगे ।

टिप्पणी 1—सभी प्रश्नों के लिए एक सा विकल्प होगा तथा उसी प्रश्न पत्र में विभिन्न प्रश्नों के लिए अलग-अलग विकल्प नहीं होगा ।

टिप्पणी 2—उक्त प्रश्न-पत्रों का उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में देने का विकल्प देने वाले उम्मीदवारों को अपने इस इरादे का उल्लेख आवेदन पत्र के सम्बद्ध कालम में स्पष्ट रूप से करना चाहिए, नहीं तो यह समझा जाएगा कि वे सभी प्रश्न पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में ही देंगे । एक बार दिया गया विकल्प अंतिम मान लिया जाएगा तथा उक्त कालम में परिवर्तन करने का कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

टिप्पणी 3—प्रश्न पत्र के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में लिखने वाले उम्मीदवार, यदि वे चाहें तो, हिन्दी की पारिभाषिक शब्दावली, यदि कोई हो, के साथ अंग्रेजी पर्याय भी कोष्ठक में दे सकते हैं ।

4 उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्रों के उत्तर स्वयं ही लिखने होंगे । किसी भी परिस्थिति में उत्तर लिखने के लिए उन्हें किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं होगी ।

5 आयोग अपनी विवेक्षा पर परीक्षा के किसी एक या सभी भागों के अर्हक अंक निर्धारित करेगा । केवल उन्हीं उम्मीदवारों के गोपनीय रिपोर्टों के मूल्यांकन तथा साक्षात्कार में बुलाए जाने पर विचार किया जाएगा जो लिखित परीक्षा में आयोग की विवेक्षानुसार नियत किए गए न्यूनतम अर्हक प्राप्त कर लेंगे ।

6 मात्र सत्यनिष्ठा के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे ।

7 लिखित विषयों में अस्पष्ट लिखाई के लिए अधिकतम अंकों के 5 प्रतिशत अंक तक काट लिए जाएंगे ।

8 परीक्षा के सभी विषयों में इस बात को श्रेय दिया जाएगा कि अभिव्यक्ति कम से कम शब्दों में क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई हो ।

9 उम्मीदवारों को प्रश्न पत्रों के उत्तर लिखते समय भारतीय अंकों के अन्तर्राष्ट्रीय रूप (अर्थात् 1, 2 3, 4, 5, 6 आदि) का ही प्रयोग करना चाहिए ।

अनुसूची

परीक्षा की पाठ्यचर्या

जहां नियमों, आदेशों, अनुदेशों आदि का ज्ञान अपेक्षित है, उम्मीदवारों से यह आशा की जाएगी कि वे इस परीक्षा की अधिसूचना की तारीख तक जारी किए गए संशोधनों की जानकारी रखें ।

भारत सरकार के सचिवालय तथा सम्बद्ध कार्यालयों की प्रक्रिया और पद्धति (वर्ग I तथा II के लिए) ।

इसका उद्देश्य भारत सरकार के सचिवालय तथा सम्बद्ध कार्यालयों की प्रक्रिया और पद्धति में गहन तथा विस्तृत परीक्षा है । इस विषय पर कुछ मार्गदर्शन निम्नलिखित पुस्तकों से प्राप्त किया जा सकता है —

(i) इस अधिसूचना के समय प्रचलित कार्यालय प्रक्रिया पुस्तिका

(ii) कार्यालय प्रक्रिया पर सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान द्वारा जारी की गई टिप्पणियां ।

(iii) संघ के सरकारी काम-काज में हिन्दी के प्रयोग से सम्बन्धित गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई आदेशों की पुस्तिका ।

कार्यालय प्रक्रिया और पद्धति (वर्ग III के लिए)

इसके उद्देश्य रेल मंत्रालय (रेल बोर्ड) तथा सबद्ध कार्यालयों में कार्यविधि तथा कार्य प्रणाली में गहन तथा विस्तृत परीक्षा है, इस विषय पर कुछ मार्गदर्शन निम्नलिखित पुस्तकों से प्राप्त किया जा सकता है —

(i) इस अधिसूचना के समय रेल मंत्रालय (रेल बोर्ड) द्वारा जारी की गई प्रचलित कार्यालय प्रक्रिया पुस्तिका ।

(ii) गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई "संघ के सरकारी काम-काज में हिन्दी के प्रयोग से सम्बन्धित आदेशों की पुस्तिका" ।

भारत के संविधान और शासन तंत्र, संसद प्रक्रिया और पद्धति का सामान्य ज्ञान

टिप्पणी :—निम्नलिखित विषयों के ज्ञान की अपेक्षा की जाती है । (1) भारत के संविधान के मुख्य सिद्धांत (2) लोक सभा तथा राज्य सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमावली (3) भारत सरकार के शासन तंत्र का संगठन—मंत्रालयों, विभागों तथा संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों के पदनाम तथा उनमें विषयों का आबंटन और उनके परस्पर संबंध ।

ऊर्जा मंत्रालय
(पेट्रोलियम विभाग)
नई दिल्ली, दिनांक नवम्बर, 1983

आदेश

विषय : बी-33 संरचना (अपतट) क्षेत्र के 25.35 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लिये तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग को पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति।

सं० 12012/24/83-प्रोडक्शन—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 5 के उप नियम (1) की धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, तेल भवन, देहरादून (जिसको इसके बाद आयोग कहा जायेगा) को बी० 33 संरचना (अपतट) क्षेत्र के 25.35 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र में पेट्रोलियम मिलने की संभावना हेतु एक पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस 21-1-1983 से 4 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृति देती है। इसके विवरण इसके साथ संलग्न अनुसूची "क" में दिये गये हैं :

लाइसेंस की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर है :—

(क) अन्वेषण लाइसेंस पेट्रोलियम के संबंध में होगा।

(ख) यदि अन्वेषण कार्य के दौरान कोई खनिज पदार्थ पाये गये तो आयोग पूर्ण ब्यौरे के साथ उसकी सूचना केन्द्रीय सरकार को देगा।

(ग) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) निम्नलिखित दरों पर ली जायेगी :

(1) समस्त अशोधित तेल तथा कंडेंसेट हैड कन्डेन्सेट पर 61/- रुपये प्रति मी० टन या ऐसी दर जो समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी।

